## दिनांक 28.08.2018 को अयोजित State Ganga Committee के द्वितीय बैठक की कार्यवाही:–

स्थान :– सभाकक्ष, पुराना सचिवालय, पटना। समय :– 12.00 बजे अपराहन्

उपस्थिति :– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रबंध निदेशक बुडको, प्रबंध निदेशक बी.आर.जे.पी.,एस.पी.सी.बी. के पदाधिकारी एवं एन.बी.सी.सी के पदाधिकारी

Video conferencing के माध्यम से उपस्थिति :–

- प्रधान सचिव वन एवं पर्यावरण विभाग, सचिव परिवहन विभाग, वित्त विभाग के पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी
- जिला पदाधिकारी दरभंगा / खगड़िया /सारण/भागलपुर/मुंगेर/लखीसराय/कटिहार/कैमूर/वैशाली/ भोजपुर तथा अपर जिला समाहर्ता पटना /बेगुसराय एवं उपविकास आयुक्त बक्सर

1. मुख्य सचिव महोदय के अन्य विभागीय व्यस्तता के परिपेक्ष्य में राज्य गंगा समिति के द्वितीय बैठक की कार्यवाही का संचालन प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, सह कार्यक्रम निदेशक एस.पी.एम.जी–सह समिति के संयोजक द्वारा किया गया। इस क्रम में उनके द्वारा बैठक एवं video conferencing के माध्यम से उपस्थित राज्य गंगा समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

2. जिला गंगा समिति के अधिकारों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा गंगा नदी के main stem पर अवस्थित जिलों के सम्बन्धित सभी जिला पदाधिकारियों को प्रेषित पत्र जिसमें एन.एम.सी.जी का पत्र (दिनांक 06.07.2018) अनुलग्नक के रूप में संलग्न है तथा जिसमें जिला गंगा समिति के दायित्वों का वर्णन है–को पुनः प्रबोधित करने का अनुरोध किया गया। टीम लीडर एस॰पी॰एम॰जी॰ को उक्त पत्र की प्रति पुनः सभी सम्बन्धित जिला पदाधिकारियों को प्रेषित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन – सम्बन्धित जिला पदाधिकारी/एस॰पी॰एम॰जी॰)

3. बी.जी.सी.एम.एस के पत्रांक 342 दिनांक 23.07.2018 को संदर्भित करते हुए Ganga main stem पर अवस्थित सभी जिला पदाधिकारियों को Mother Child A/c arrangement के तहत् Child A/c खोलने हेतु अनुरोध किया गया। टीम लीडर एस॰पी॰एम॰जी॰ को उक्त पत्र की प्रति पुनः सभी सम्बन्धित जिला पदाधिकारियों को प्रेषित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन – सम्बन्धित जिला पदाधिकारी/एस॰पी॰एम॰जी॰)

4. जिलों के परिक्षेत्राधीन 'नमामि गंगे कार्यक्रम' के तहत् क्रियान्वित योजनाओं का अनुश्रवण करने का अनुरोध सम्बन्धित जिला पदाधिकारियों से किया गया।

(अनुपालन – सम्बन्धित जिला पदधिकारी)

5. गंगा main stem पर अवस्थित नगर निकायों में प्रस्तावित STP एवं संरचनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का अनुरोध सम्बधित जिला पदाधिकारियों से किया गया।

(अनुपालन – सम्बन्धित जिला पदाधिकारी)

6. प्रधान सचिव द्वारा गंगा नदी में निस्तरित होने वाले नालों को नदी के confluence point से एक कि॰मी॰ उपर तक सुदृढ़ीकरण कराने एवं नदी में प्रवाहित होने वाले solid waste के trapping हेतु सम्बन्धित नगर निकायों से action plan तैयार कराते हुए प्रस्ताव नगर विकास एवं आवास विभाग को समर्पित कराने की दिशा में ठोस पहल करने हेतु अनुरोध किया गया। इस क्रम में NMCG के पत्र (दिनांक 06.07.2018) की प्रति सम्बन्धित जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निदेश टीम लीडर एस॰पी॰एम॰जी॰ को दिया गया।

(अनुपालन – सम्बन्धित जिला पदाधिकारी / एस॰पी॰एम॰जी॰)

7. एन.बी.सी.सी. द्वारा कार्यान्वित पाँच शहरों के घाट एवं शवदाह गृह परियोंजनाओं के कार्य पूरा होने की अवधि के बारे में पृच्छा किये जाने पर उपस्थित पदाधिकारी द्वारा दिसम्बर 2018 तक कार्य पूरा किये जाने की अवधि बताई गयी। उनसे एस.पी.एम.जी को कार्य का प्रगति प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

(अनुपालन – एन॰बी॰सी॰सी॰)

8. प्रधान सचिव द्वारा Ganga flood protection wall के R/S में उपलब्ध जमीन पर गहन afforestation किये जाने के क्रम में आवश्यक कारवाई करने हेतु वन विभाग के पदाधिकारी से अनुरोध किया गया।

(अनुपालन – पर्यावरण एवं वन विभाग)

9. बक्सर STP परिसर में हो रहे अतिक्रमण पर नियंत्रण एवं अतिक्रमित भाग को मुक्त कराने का अनुरोध उपविकास आयुक्त बक्सर से किया गया। इस हेतु प्रबंध निदेशक, बुडको को जिला प्रशासन बक्सर से सामंजस्य स्थापित करने हेतु सुझाव दिया गया।

(अनुपालन – जिला पदाधिकारी बक्सर / बुडको )

10. हाजीपुर में Sewerage Project के तहत IPS की जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध जिला पदाधिकारी वैशाली से किया गया। इस हेतु प्रबंध निदेशक, बुडको को जिला प्रशासन वैशाली से सामंजस्य स्थापित करने हेतु सुझाव दिया गया।

(अनुपालन – जिला पदाधिकारी वैशाली / बुडको)

11. इसके पश्चात् 'नमामि गंगे परियोजना' अन्तर्गत सभी परियोजनाओं की परियोजनावार अद्यतन स्थिति पर प्रस्तुति दी गई। टीम लीडर एस॰पी॰एम॰जी॰ को PPT की soft copy सभी जिला पदाधिकारियों को प्रेषित करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनुपालन – एस॰पी॰एम॰जी॰)

12. प्रधान सचिव द्वारा सभी सीवरेज योजनाओं के समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण ढ़ंग से पूर्ण करने, इसके ठोस अनुश्रवण व्यवस्था विकसित करने तथा Ganga main stem एवं उसकी सहायक नदियों पर अवस्थित शहरों के लिए I&D एवं STP योजना का DPR निर्धारित समय सीमा के अन्दर समर्पित करने का निदेश बुडको को दिया गया।

(अनुपालन – बुडको)

13. जिला पदाधिकारी वैशाली द्वारा Ganga main stem पर अवस्थित महनार नगर पंचायत एवं गंडक के किनारे बसे लालगंज पंचायत हेतु I&D एव STP परियोजनाओं का DPR तैयार करने हेतु अनुरोध किया गया।

14. मुंगेर जिला पदाधिकारी द्वारा जमालपुर हेतु I&D एव STP योजना का DPR तैयार करने हेतु अनुरोध किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 437 न॰वि॰एवं आ॰वि॰ /पटना दिनांक 31/8/18

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, पटना /बक्सर/भोजपुर/वैशाली/बेगुसराय/कटिहार दरभंगा / कैमूर/ खगड़िया/ सारण/ भागलपुर/ मुंगेर /लखीसराय समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 433 न॰वि॰एवं आ॰वि॰ / पटना दिनांक 31/8/18
प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग / प्रधान सचिव, पर्यावरण एवं वन विभाग / प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग / प्रधान सचिव, लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / सचिव, परिवहन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 433 न॰वि॰एवं आ॰वि॰ / पटना दिनांक 31/8/18
प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक बिहार / अध्यक्ष बिहार राज्य पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 433 न॰वि॰एवं आ॰वि॰ / पटना दिनांक 31/8/18
प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक बुडको / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य जल पर्षद, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 437 न॰वि॰एवं आ॰वि॰/पटना दिनांक 31/8/18

प्रतिलिपि :– श्री उमाशंकर सिंह, सेवानिवृत प्राध्यापक, एन॰आइ॰टी॰ पटना/डॉ0 सुनील कुमार चौधरी, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, स्नातकोतर विभाग, टी.एम.वि. वि.,भागलपुर/डॉ0 समीर कुमार सिन्हा, संयोजक, WTI regional head, बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश (नदी प्रणाली)/प्रो॰संतोष कुमार चौधरी, सेवा निवृत प्राधायपक एन॰आइ॰टी॰पटना/श्री एस॰एन॰ जायसवाल,(ठोस अपशिष्ट प्रबंधन),बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एवं प्रबंध, निदेशक एन.बी.सी.सी., SPMG के पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 437 न॰वि॰एवं आ॰वि॰/पटना दिनांक 31/8/18

प्रतिलिपि :– महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक :– BGCMS/2015/05/02 437 न॰वि॰एवं आ॰वि॰/पटना दिनांक 31/8/18

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

30/8/2018

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
सह–परियोजना निदेशक,
बी0जी0सी0एम0एस0,
नगर विकास एवं आवास विभाग।